# चुनरियाँ माँ की रेशमी

चुनरियाँ माँ की रेशमी कोई गोटा लगाओ रे,
हो मैया रानी आ गयी जयकारा लगाओ रे,
चुनरियाँ माँ की रेशमी कोई गोटा लगाओ रे॥

हाथ में लोटा गंगा जल पानी,
हो मैया रानी आ गयी सब चरण धुलाओ रे,
चुनरियाँ माँ की रेशमी कोई गोटा लगाओ रे॥

हाथ में थाली दिया और बाती,
हो मैया रानी आ गयी सब ज्योत जलाओ रे,
चुनरियाँ माँ की रेशमी कोई गोटा लगाओ रे॥

हाथ में थाली चंदन रोली,
हो मैया रानी आ गई सब तिलक लगाओ रे,
चुनरियाँ माँ की रेशमी कोई गोटा लगाओ रे॥

हाथ में थाली फूलो वाली,
हो मैया रानी आ गई सब माला पहनाओ रे,
चुनरियाँ माँ की रेशमी कोई गोटा लगाओ रे॥

हाथ में थाली, थाली में चुनरी,
हो मैया रानी आ गई सब चुनरी ओढाओ रे,
चुनरियाँ माँ की रेशमी कोई गोटा लगाओ रे॥

हाथ में ढोलक चिमटा और मजीरा,
हो मैया रानी आ गई सब भजन सुनाओ रे,
चुनरियाँ माँ की रेशमी कोई गोटा लगाओ रे॥

हाथ में थाली हलवा और पूरी,
हो मैया रानी आ गई सब भोग लगाओ रे,
चुनरियाँ माँ की रेशमी कोई गोटा लगाओ रे॥

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24306/title/chunariya-maa-ki-reshami

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |